an>

Title: Need to fill up the vacant posts in ordnance factories in the country particularly in Jabalpur, Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) : भारतवर्ष में इस समय रक्षा उत्पादन मंत्रालय के अधीनस्थ, आयुध निर्माणी बोर्ड के अंतर्गत 41 आयुध निर्माणियां (ऑर्डनेन्स फैक्ट्री) स्थापित हैं। देश की रक्षा की चौथी भुजा के रूप में इन आयुध निर्माणियों का कार्य हमारी सशस्त्र सेनाओं एवं अर्धसैनिक बलों को गाला बारूद, हथियार एवं अन्य रक्षा उपकरण उपलब्ध कराना हैं। इन निर्माणियों का दायित्व रक्षा के क्षेत्र में देश को अत्मनिर्भर बनाने का है।

वर्तमान में सभी आयुध निर्माणियों में भरपूर वर्क लोड हैं तथा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की चुनौती उनके समक्ष हैं। लक्ष्य प्राप्त करने में उनके समक्ष सबसे बड़ी बाधा औद्योगिक कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति इस प्रकार हैं- व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में स्वीकृत संख्या 7008 हैं तथा वर्तमान संख्या केवल 1966 हैं। इसी प्रकार जीसीएफ में स्वीकृत संख्या 5628 हैं तथा उसके विरूद्ध केवल 1945 औद्योगिक कर्मचारी पदस्थ हैं। आयुध निर्माणी खमरिया में भी 6625 की स्वीकृत संख्या हैं, के बदले केवल 3785 कामगार पदस्थ हैं। इस विवरण से यह स्पष्ट है कि समस्त आयुध निर्माणियों में कामगारों की संख्या स्वीकृत संख्या से लगभग आधी हैं।

अतः मैं सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि सभी आयुध निर्माणियों में रिक्त पदों को भरने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये एवं स्वीकृत प्रदान की जायें। ताकि हमारी निर्माणियों में देश की उत्पादन को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की चुनौती पूर्ण कर सके।